
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
तरुणमित्र
श्रम ही आधार, सिर्फ खबरों से सरोकार

# छापेमारी के दौरान आठ लाख की अवैध नकली शराब बरामद

**raebareli tarunmitra** December 6, 2019- 1:13 PM




महराजगंज रायबरेली 06 दिसम्बर
कोतवाली पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए करीब आठ लाख की अवैध नकली शराब का जखीरा छापेमारी कर बरामद किया है।



कोतवाल लालचंद सरोज द्वारा मयदल बल मुखबिर की सूचना पर गुरुवार की देर शाम क्षेत्र क़े ताजुद्दीनपुर गांव स्थित रामअभिलाख क़े घर मे छापेमारी की गयी। जहां 200 पेटी से ऊपर मस्ती ब्रांड की नकली देशी शराब बरामद की है। मामले मे क्षेत्राधिकारी विनीत सिंह ने बताया की कोतवाली पुलिस द्वारा करीब 8 लाख रुपए की नकली शराब बरामद की गयी है

। फिलहाल क्षेत्र मे यह बरामदगी कोतवाली पुलिस की बड़ी सफलता क़े रुप मे देखा जा रहा है।
फोटो- अवैध नकली शराब की पेटियां।



**Source:** https://tarunmitra.in/archives/220529